तापमान

अधिकतम 33 .7 डिग्री

न्यूनतम 13 .5 डिग्री

हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, मंगलवार,11 मार्च 2025



13 महिला विवि नारी सशक्तिकरण की मिसाल प्रो. सुदेश





14 गर्मियों में नहीं रहेगी पानी की समस्या, 31 से शुरू होगा डब्ल्यूटीपी




# बार एसोसिएशन में चुनाव के बाद भी नहीं थम रहा विवाद

## प्रधान पर लगा था रिकार्ड चोरी करने के आरोप, पुलिस को दी थी शिकायत

किसी पदाधिकारी की अनुमति के बिना बार के पेड का प्रयोग कर रिक्विजेक्शन की बैठक का आयोजन करने से सामग्री चोरी के आरोपों से मचा है घमासान

### नवनियुक्त कार्यकारिणी की बैठक में जांच कमेटी की गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बार चुनाव को लेकर विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को हाल में चुनी बार कार्यकारिणी ने बैठक का आयोजन किया। बैठक में प्रधान पर लगे रिकॉर्ड चोरी के आरोप व इस संबंध में बुलाई बैठक पर चर्चा की गई। बैठक के बाद अधिवक्ताओं ने बैठक अनुसानात्मक समिति का गठन किया है। जो पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार करेगी। जिसके बाद उस पर नियमानुसार कार्रवाई के लिए निर्णय लिया जाएगा।

उसके आधार पर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिला बार सोनीपत एसोसिएशन की तरफ से सोमवार को जनरल हाउस की सभा बैठक बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता नवनिर्वाचित प्रधान अनिल ढुल ने की। बैठक में उप प्रधान सोनू भारद्वाज सचिव संदीप, सचिव सह सचिव कृतिका, कोषाध्यक्ष प्रवीन के साथ ही अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

*अब जांच कमेटी की रिपोर्ट पर टिकी सभी की निगाहें*

*जनरल हाउस की बैठक में लिया गया निर्णय*

*बार प्रधान अनिल ढुल ने की बैठक की अध्यक्षता*

**केंद्रीय और राज्य अधिकारी अपनी भूमिका का सही निर्वहन करें**



### यह था मामला

गत दिनों बिना किसी पदाधिकारी की अनुमति के रिक्विजेक्शन बैठक का आयोजन किया। गैरकानूनी तरीके से एसोसिएशन की पेड उपयोग करके उस पर लिख कर काल की गई थी। जिसके बाद बार एसोसिएशन पर रिकार्ड चुराने सहित कई आरोप लगाए गए। जिससे एसोसिएशन की गरिमा धूमिल हुई।

### कमेटी का किया गठन रिपोर्ट के बाद लिया जाएगा अंतिम फैसला

चुनाव के बाद अधिवक्ताओं ने रिकॉर्ड चोरी की शिकायत चौकी में दी थी। साथ ही एसोसिएशन के लेटर पेड का इस्तेमाल करके बार की छवि को धूमिल करने का कार्य किया गया था। इस संबंध में बैठक का आयोजन किया। जिसमें एक समिति का गठन किया है। जो रिपोर्ट तैयार करेगी। जिसका पहले अध्ययन किया जाएगा तथा फिर एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर कोई अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

*-अनिल ढूल, बार प्रधान सोनीपत।*

### असंविधानिक तरीके से बार पेड का प्रयोग कर बुलाई थी बैठक

प्रधान अनिल ढुल ने कहा कि बार एसोसिएशन के मंच पर बिना किसी पदाधिकारी की अनुमति व बिना किसी रिक्विजेक्शन के एक असंवैधानिक बैठक का आयोजन गत दिनों पहले किया। वहीं गैरकानूनी तरीके से एसोसिएशन की पेड उपयोग करके उस पर लिख कर काल की गई थी। जिसके बाद बार एसोसिएशन पर रिकार्ड चुराने सहित कई आरोप लगाए गए। जिससे एसोसिएशन की गरिमा धूमिल हुई। जबकि सीनियर चुनाव अधिकारी अनूप दहिया द्वारा बार एसोसिएशन पदाधिकारियों और कर्मचारियों और अधिवक्ता साथियों के समक्ष सारा रिकार्ड एसोसिएशन को सौंपा था। बैठक में अधिवक्ताओं के सुझाव पर अनुसानात्मक समिति का गठन कर जांच सौंपी गई है। जो रिपोर्ट तैयार कर एसोसिएशन को देगी। जिसके बाद आगामी निर्णय लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### फैक्टरी से 250 किलो कॉपर तार चोरी, केस

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव सबौली स्थित फैक्टरी से चोरी 250 किलो कॉपर तार चोरी करने का मामला सामने आया है। कंपनी में तैनात अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्टरी के मैनेजर चंद्रशेखर गुप्ता ने पुलिस को बताया कि रात को चोर फैक्टरी में घुस गए। चोर रात को फैक्टरी के अंदर तार चोरी कर ले गए।

### वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** एसएजी यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत पुलिस टीम ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अतुल उर्फ काला निवासी जैनपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। टीम में तैनात मुख्य सिपाही कृष्ण ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान मुरथल भट्ठा चौक पर मौजूद थी। उसे जानकारी मिली कि युवक अवैध हथियार सहित आने वाला है। टीम ने दबिश देते हुए संदिग्ध का काबू कर लिया।

### औषधालय से सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली क्षेत्र के गांव नाहरी स्थित राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय में घुसकर सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। औषधालय के अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। डॉ. युद्धवीर धामा ने बताया कि औषधालय से चोर इनवर्टर-बैटरी, इलेक्ट्रिक कैटली व इंडक्शन चूल्हा चोरी कर ले गए। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एसआई अशोक ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### टॉवर के सामने से ईको गाड़ी चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कामी रोड पर टावर के सामने खड़ी गाड़ी के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राज मोहल्ला निवासी अंकुश ने बताया कि उसने करीब सात माह पहले बढ़ मलिक निवासी अभिराज से इक्को गाड़ी खरीदी थी। उसने अपनी गाड़ी को गत 9 मार्च को कामी रोड स्थित अर्जुन टॉवर के सामने खड़ा किया था। अगले दिन जब वह गाड़ी लेने पहुंचा तो गाड़ी गायब मिली। अपने स्तर पर गाड़ी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

## सोनीपत मेयर उपचुनाव में 28.8 और खरखौदा में 62.3% हुआ था मतदान

# नगर निकाय चुनाव : आज का दिन शेष, कल होगा फैसला, उम्मीदवारों की बढ़ी धड़कनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम सोनीपत के मेयर उपचुनाव व खरखौदा नपा चुनाव के नतीजे आने में अब केवल आज का दिन शेष है। बुधवार को चुनावों के नतीजें घोषित कर दिए जाएंगें। चुनावों में 51 प्रत्याशियों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। इसमें से सबसे ज्यादा प्रत्याशी खरखौदा नपा के 15 पार्षद पदों के लिये थे। वहीं सोनीपत मेयर के लिये 5 तो खरखौदा में चेयरमैन के लिये 4 उम्मीदवार मैदान में थे। इन सभी 51 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला बुधवार को होगा। मतगणना को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को दोनों क्षेत्रों की मतगणना के लिए काउंटिंग टीमों का द्वितीय रेंडमाइजेशन का कार्य किया गया। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने बताया कि दोनों स्थानों की मतगणना के लिए 30 टेबल लगाई गई हैं। वहीं छः टेबल रिजर्व रखी गई हैं।

### सोनीपत में 20, खरखौदा में लगेंगी आठ टेबल

*सोनीपत नगर निगम उप चुनाव के लिए 20 टेबल मतगणना व एक टेबल आरओ के लिए और खरखौदा नपा मतगणना के लिए आठ टेबल व एक टेबल आरओ के लिए लगाई गई है। इस दौरान एसडीएम सुभाष चंद्र एसडीएम डॉ. निर्मल नागर, एसडीएम प्रवेश कादियान, सीईओ जिप अभय सिंह, सीटीएम डा. अनमोल, डीडीपीओ जितेन्द्र, एडीआईओ विजय बल्हारा भी मौजूद रहे।*



**सोनीपत।** मतगणना से पहले रेंडमाइजेशन के दौरान उपस्थित अधिकारीगण।

### जिले में हुआ था 31% मतदान

दो मार्च को नगर निगम मेयर के उपचुनाव और खरखौदा नगर पालिका के चुनाव शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुए थे। मतदान प्रतिशत को लेकर प्रशासन से लेकर राजनीतिज्ञ तक सब सकते में थे। विशेषतौर पर नगर निगम सोनीपत के चुनाव में हुए मतदान को लेकर। पूरे जिले का मतदान प्रतिशत 31 रहा था। जिसमें से खरखौदा ने 62.3 प्रतिशत मतदान किया था, जबकि सोनीपत ने केवल 28.8 प्रतिशत मतदान किया था। मेयर उपचुनाव के लिये सोनीपत में पांच उम्मीदवार मैदान में थे, जबकि खरखौदा में चेयरमैन पद के लिये चार उम्मीदवार मैदान में थे। खरखौदा नगर पालिका में 15 पार्षद पदों के लिये 42 लोगों ने चुनाव लड़ा। इस तरह से कुल 51 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे।

### निखिल ने बतरा को हराया था

नगर निगम बनने के बाद सोनीपत नगर निगम का पहला चुनाव 27 दिसंबर 2020 को हुआ था। जिसमें 2 लाख 48 हजार 99 मतदाताओं में से एक लाख 43 हजार 187 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान का कुल प्रतिशत 57.7 रहा था। उन चुनावों में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे निखिल मदान ने भाजपा के ललित बतरा को 13 हजार 817 मतों से हराया था। निखिल मदान को कुल 72 हजार 118 वोट मिले थे जबकि भाजपा के ललित बतरा को 58 हजार 301 वोट मिले। उन चुनावों में मेयर पद के 10 प्रत्याशियों में कांग्रेस व भाजपा को छोड़कर कोई भी प्रत्याशी अपनी जमानत नहीं बचा पाया था। बसपा के धर्मबीर सरोहा को 4375 वोटों के साथ तीसरे तो निर्दलीय प्रत्याशी संदीप राणा 3004 वोटों के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। चुनावों में 20 वार्डों में से 10 वार्ड में भाजपा की जीत हुई थी, जबकि 9 वार्ड में कांग्रेस प्रत्याशी जीते थे। 1 वार्ड से निर्दलीय ने जीत दर्ज की थी, जोकि बाद में भाजपा में चले गए थे। ऐसे में अब सभी की निगाहें बुधवार को होने वाली मतगणना पर टिकी हुई हैं।

*तीन लाख में से एक लाख भी नहीं पहुंचे मतदान केंद्रों तक*

खरखौदा नगर पालिका और सोनीपत नगर निगम मेयर उपचुनाव को लेकर मतदाताओं की कुल संख्या 3 लाख 14 हजार 511 थी। जिसमें से 2 लाख 94 हजार 362 मतदाता सोनीपत नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत तो 20 हजार 149 मतदाता खरखौदा नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत थे। हालांकि चुनाव के दौरान सोनीपत के कुल मतदाताओं में से केवल 84 हजार 923 मतदाताओं ने ही अपने मत का प्रयोग किया। वहीं खरखौदा के कुल मतदाताओं में से 12 हजार 543 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया था। सोनीपत नगर निगम मेयर उपचुनाव को लेकर निगम क्षेत्र में 268 मतदान केंद्र बनाए गए थे। वहीं खरखौदा में मतदान केंद्रों की संख्या 23 थी।

*कल मतगणना के बाद इनकी किस्मत का होगा फैसला*

सोनीपत नगर निगम मेयर उपचुनाव में कांग्रेस के कमल दिवान, भाजपा के राजीव जैन, बसपा के धर्मवीर, आप से डॉ. कमलेश कुमार सैनी मैदान में हैं। जबकि आजाद उम्मीदवार के तौर पर रमेश खत्री चुनावी मैदान में थे। वहीं खरखौदा नगर पालिका चुनावों में चेयरमैन पद के लिये भाजपा से हीरालाल, निर्दलीय मैक्सिन ठेकेदार, किरण धर्मपत्नी रिंकेश, ममता मेहरा चुनावी मैदान में थे। खरखौदा नगर पालिका चुनावों में चेयरमैन पद के लिये चार उम्मीदवार तो 15 पार्षद पदों लिये 42 उम्मीदवार मैदान में थे। खरखौदा के 16 वार्डों में से एक वार्ड में एक ही प्रत्याशी होने के चलते उनका चुनाव पहले ही हो चुका था।

## रबी फसल मंडियों में आने को तैयार, उपायुक्त ने लिया तैयारियों को जायजा



**सोनीपत।** अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त।

**सोनीपत।** डीसी डॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता में रबी की फसल की खरीद हेतु तैयारियों का जायजा लेने के लिए सोमवार को लघु सचिवालय में हुई। जिसमे रबी की फसल की खरीद हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। डीसी ने बताया कि सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए रबी फसल की खरीद हेतु एक अप्रैल से 15 मई तक का समय निर्धारित किया गया है। सीजन में सरकार द्वारा लगभग 4 लाख 50 हजार एमटी गेहूं की खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। सरकार द्वारा 2425 रूपये प्रति क्विंटल की दर संबंधित एजेंसियों द्वारा खरीद की जाएगी। सरसों की खरीद 5950 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जायगी। जिले में फिलहाल 10 हजार एकड़ में सरसों की फसल की बिजाई किसानों के द्वारा की गई है। सरसों की खरीद सोनीपत, गोहाना, खरखौदा व गन्नौर की मुख्य मंडियों में की जाएगी। जिसके लिए खादय विभाग, हैफेड़, एच डब्लयू सी एवं एफसीआई के अधिकारीयों के साथ बैठक में तैयारियों को जायजा लिया। मार्केट कमेटी के सचिवों को मंडियों में साफ-सफाई का ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं, ऐसा नहीं होने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। मंडियों/खरीद केंद्र पर बिजली, पीने का पानी व शौचालय की व्यवस्था खरीद शुरू होने से पहले की जाए। सभी आढ़तियों के पास इलेक्ट्रिक झारना, सिलाई की मशीन की व्यवस्था करने को कहा है।

- मंडियों की साफ सफाई का रखें विशेष ध्यान, वरना होगी कार्रवाई
- किसानों की सुविधाओं को दी जाए प्राथमिकता।

## सोनीपत के विधायक ने प्रश्नकाल में उठाया सोनीपत बस स्टैंड का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत के मौजूदा बस अड्डे को शहर से बाहर स्थानांतरित किया जाएगा। अब सरकार सोनीपत में कमर्शियल बस अड्डा बनाएगी। यह बस अड्डा आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। इसमें शॉपिंग के लिए दुकानें और फूड कोर्ट सहित दूसरी सभी सुविधाएं मिलेंगी। जाट जोशी गांव की प्रस्तावित जमीन का आकलन करने के बाद सरकार इस दिशा में आगे कदम बढ़ाएंगी। दूसरी जमीन का भी अगर विकल्प हुआ तो उसका भी अध्ययन किया जाएगा। विधायक निखिल मदान ने सोमवार को विस में प्रश्नकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया। मदान ने कहा कि पुराना बस अड्डा शहर के बीचों-बीच है। ट्रैफिक की समस्या बनी रहती है। नया बस अड्डा बनाने की मुख्यमंत्री की घोषणा भी है।

- डीपीआर के लिए एडवाइजर नियुक्त रिपोर्ट का इंतजार



विधानसभा में प्रश्न उठाते हुए विधायक निखिल मदान।

## श्रमिक को झांसे में लेकर लाखों की ठगी

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 स्थित बहालगढ़ चौक पर श्रमिक को झांसे में लेकर लाखों रुपये की राशि के ठगने का मामला सामने आया है। साइबर पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोला सागर बिजनौर यूपी हाल बहालगढ़ के अभिषेक ने बताया कि वह एक कंपनी में काम करता है। काम खत्म होने के बाद वह अपने कमरे पर जा रहा था। जब वह बहालगढ़ चौक पर पहुंचा तो दो युवकों ने उसे रोक लिया। उसे झांसे में लेकर ढाई लाख रुपये की नकदी ठग ली।

## खरखौदा और थाना कलां में अवैध निर्माणों पर फिर चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने सोमवार को खरखौदा और थाना कलां की राजस्व संपदा में अवैध कालोनियों के खिलाफ कार्रवाई करते अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया। इस दौरान साढ़े सात एकड़ भूमि पर बने अवैध निर्माण को गिराया गया, जिसमें 17 डीपीसी, 7 बाउंड्री वाल, 1 प्रापर्टी डीलर आफिस और 9 सौ मीटर लंबी ईंटों से बनी निशानदेही को तोड़ दिया। इस दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट की अगुवाई में इंफोर्समेंट टीम और पुलिस बल की मौजूदगी में इस कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई से डीटीपी ने संदेश देते हुए कहा कि जो अवैध कालोनियां प्रापर्टी डीलरों द्वारा विकसित की जा रही हैं और अवैध प्लाटिंग कतई स्वीकार्य नहीं हैं। जिसमें खरखौदा शहर के साथ-साथ थाना कला गांव में भी अपनी अवैध निर्माण गिराए गए।

- 17 डीपीसी, सात दीवारों को तोड़ा



अवैध निर्माणों को ध्वस्त करते हुए सरकारी मशीनरी।

## चिटाना से चुलकाना धाम तक श्याम की भव्य पदयात्रा

- एकादशी पर निशान चढ़ाने से मनोकामनाएं होती हैं पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

चिटाना धाम से चुलकाना धाम तक श्याम बाबा के शीश को लेकर पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस पावन यात्रा में क्षेत्र के विभिन्न गांवों के सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने भाग लिया और निशान लेकर पदयात्रा की। इस यात्रा के दौरान जिला पार्षद संजय बड़वासनिया, सुनील जांगड़ा, गोविंद कुहाड़, संजीत कुहाड़ सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि फागण मास की एकादशी के अवसर पर श्याम बाबा का निशान चढ़ाने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। बाबा श्याम को “हारे का सहारा” कहा जाता है, जो भी भक्त सच्चे मन से उनके चरणों में शीश नवाकर अपनी अर्जी अर्पित करता है, उसकी हर इच्छा पूरी होती है।



**सोनीपत।** पदयात्रा में शामिल जिला पार्षद एवं अन्य।

## हरियाणा शिक्षा बोर्ड का 12वीं का इतिहास व जीव विज्ञान का पेपर

# दीवार फांदकर खिड़कियों से पहुंचा रहे थे पर्चियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत/खरखौदा

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की तरफ से बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन करवाया जा रहा है। बोर्ड परीक्षाओं में नकल के मामले नहीं थम रहे। ताजा मामला खरखौदा के गांव बिधलान स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर सामने आया है। सोमवार को 12वीं कक्षा के पेपर के दौरान हुआ। परीक्षा केंद्र पर बड़ी संख्या में बाहरी हस्तक्षेप नजर आया। युवक दीवार फांदकर केंद्र के अंदर खिड़कियों के सहारे पर्चियां पहुंचाते रहे।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की तरफ से सोमवार को जिले में बनाए गए 68 परीक्षा केंद्रों पर 12 कक्षा का इतिहास व जीव विज्ञान विषय का पेपर संचालित किया गया। परीक्षा के दौरान अधिकतर केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी नजर आई। पुलिस के पहरे के बीच बाहरी तत्व परीक्षा केंद्र के आसपास भी नजर नहीं आए।

खरखौदा के गांव बिधलान रावमावि में बनाए गए परीक्षा केंद्र में नजारा इसके उलट नजर आया। यहां कुछ युवा परीक्षा केंद्र के पास एक कमरे में बैठकर पर्चियां बनाते नजर आए। युवा नकल डालने के लिए दीवार फांदकर परीक्षा केंद्र में जाते रहे।



**खरखौदा।** बिधलान परीक्षा केंद्र का दौरा करता प्रशासनिक अमला।

### सूचना मिलते ही एसडीएम निरीक्षण करने पहुंचे

बिधलान के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र के बाहर युवकों के झुंड के परीक्षा केंद्र की दीवार के पास आवाजाही करनेकी सूचना मिलने पर एसडीएम डॉ. निर्मल नागर व एसीपी जीत बेनीवाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने केंद्र का निरीक्षण किया और केंद्र पर तैनात पुलिसकर्मियों को बाहरी हस्तक्षेप न होने देने की आदेश दिए। अधिकारियों ने कहा कि व्यवस्था सुदृढ करने के लिए परीक्षार्थियों के अभिभावकों को भी अब परीक्षा केंद्र से दूरी बनाकर बैठने की हिदायत दी गई है। इसकी पालना नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की जाए। परीक्षा केंद्र की दीवारों के आसपास कोई भी दिखाई दे तो उस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए केस दर्ज करें।

### यह बोले एसडीएम

परीक्षा केंद्रों पर नजर रखने के लिए वे स्वयं एसीपी, बीईओ और फ्लाइंग स्क्वायड के साथ निरीक्षण किया जा रहा है। बिधलान केंद्र पर परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न कराई गई। परीक्षा केंद्रों के आसपास शरारती तत्वों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर कानूनी कार्रवाई होगी।

*-डॉ. निर्मल नागर, एसडीएम, खरखौदा।*





होली सिर्फ रंगों का पर्व नहीं है, यह जीवन में उत्साह-उमंग और नई खुशियां भरने वाला, रिश्तों में स्नेह-प्रेम के रंग सजाने वाला पर्व भी है। स्त्रियों के लिए तो यह पर्व और भी ज्यादा महत्व रखता है, क्योंकि वे परिवार-समाज में मधुरता बनाए रखने में विश्वास करती हैं, इस लिहाज से उनके लिए होली का पर्व बहुत अच्छा अवसर है।

## होली लेकर आई खुशियों के रंग

आवरण कथा

सरस्वती रमेश

होली के रंगों में जीवन का उल्लास होता है, तरंग होती है। इसीलिए फाग के गीत भी होंठों पर अनायास आ जाते हैं। कानों में ढोल-मंजीरे की झंकार गूंजने लगती है, लोग थिरक उठते हैं। आंखों के आगे अबीर, गुलाल उड़ने लगता है। होली में तन-मन रंगों से भीगकर सतरंगा हो जाता है। हम सौभाग्यशाली हैं, जो हमारे पास रंगों का एक ऐसा अनोखा और प्यारा पर्व है। लेकिन बात वास्तव में तब बनेगी, जब ऐसे रंगमय, स्नेहमय, प्रेममय और संगीतमय त्योहार की रंगत को हम जीवन में उतारें। अपने घर-परिवार, रिश्ते-नाते सबको प्रेम के रंग में रंगकर दूसरों के साथ किसी प्रकार की कड़वाहटों और मनमुटाव को दूर करें। सबके प्रति सकारात्मक भाव रखें।

### स्त्री जीवन है विविध रंगों की रंगोली



देखा जाए तो स्त्रियों का जीवन विविध रंगों से बनी एक खूबसूरत रंगोली है। क्योंकि इनकी दुनिया रंगों के खूबसूरत मेल से ही बनती है। मायका, ससुराल, परिवार, मातृत्व, रिश्ते-नाते, आस-पड़ोस और सामाजिक जिम्मेदारियां, ये सब स्त्री-जीवन के इंद्रधनुष में सजे रंग ही तो हैं, जिसे वे जीती हैं। हर रंग की अपनी अहमियत है, भूमिका है, चमक है। कोई एक रंग भी फीका पड़ जाए तो स्त्रियों के जीवन के साथ ही, परिवार के हर सदस्य पर इसका प्रभाव पड़ता है। हर किसी के जीवन में कठिनाइयां और पीड़ाएं आती हैं। इसलिए स्त्री अपने जीवन के इंद्रधनुषीय रंगों को सहेजकर रखती है। हर हाल में उसकी चमक बनाए रखने की कोशिश करती है। फिर चाहे आर्थिक जिम्मेदारियों से जुड़ा स्वावलंबन का रंग हो या फिर घर के बड़े-बुजुर्गों की सेवा का रंग, स्त्री कभी पीछे नहीं हटती है। रंगों से मिलने वाली ऊष्मा को स्त्री स्वयं तो धारण करती ही है, अपने परिवार के सदस्यों को आपस में जुड़ने का मार्ग भी प्रशस्त करती चलती है।

### साथ का महत्व बताती है होली

होली का त्योहार हमारे जीवन में व्याप्त सारी कड़वाहटों को दूर करने के लिए आता है। यह पर्व हमें परिवार के साथ का असली महत्व बताता है। जब परिवार की सारी स्त्रियां, पुरुष और बच्चे मिलकर गुझिया, मिठाइयां, पापड़, नमकीन बनाते हैं। घर की स्त्रियां साथ मिलकर होली पूजन के लिए जाती हैं, एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए रंग-गुलाल लगाती हैं, तभी होली अपने असली मधुर रूप में दिखती है। इस तरह सबके साथ स्नेह-प्रेम के रंग में भीगने के बाद स्त्री-पुरुष हर कोई मन की सारी कड़वाहट भूल जाता है। परिवार, आस-पड़ोस



में हुए मनमुटाव, तनातनी सब रंगों में धुल जाते हैं। जीवन की परेशानियों से मुकाबला करने के लिए हम नई ऊर्जा से सराबोर हो उठते हैं। हंसता-गाता मन, जीवन जीने के लिए हमारे भीतर नई उमंगें भर देता है। इसी को तो कहते हैं जीवन में विविध रंग भरने वाली होली, अपनेपन के अहसास से भरने वाली होली।

### कम न हो खुशियों की बौछार

होली के रंग जीवन में उजास भरते हैं। हम स्त्रियों का रंगों के इस उजास को जीवन में उतारना बहुत जरूरी है। कारण, वर्तमान समय में एक स्त्री की भूमिका बहुत विस्तृत हो चुकी है। इसलिए उसे तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में एक स्त्री के लिए अपने मन को सकारात्मक विचारों के रंग से सराबोर रखना, जीवन में उल्लास की रंगीन बौछारों की नमी बनाए रखना, परिवार में उमंग-तरंग बनाए रखना बहुत जरूरी है। जीवन में हर्ष और अपनों के बीच आत्मीयता का भरपूर रंग हो तो जीवन हंसी-खुशी कट जाता है, जिंदगी आसान हो जाती है। बाधाएं हमें आगे बढ़ने से रोक नहीं पातीं। ऐसे में खुशियों को सेलिब्रेट करने के मौके बार-बार आते हैं। परिवार के हर सदस्य का जीवन, तरह-तरह के रंगों में रंगकर खूबसूरत और जीवंत हो जाता है।

### खुशियों के रंग कभी न हों फीके

उड़ता गुलाल और रंगों में रंगे खिलखिलाते चेहरों को देखकर हर किसी का मन खुशी से झूम उठता है। अपनी रोज-रोज की नीरस दिनचर्या से ऊबी घर की स्त्रियां होली के बहाने ही सही, थोड़ी मस्ती, थोड़ा धमाल करके हंसी की फुहारों से तरोताजा हो जाती हैं। दरअसल, होली बचपन के खिलंदड़ेपन को फिर से जीने का अहसास है। यह अहसास मन में जीने की उमंग भरता है। तभी तो होली के रंग आज भी उतने ही चटख हैं, जितने पहले हुआ करते थे। होली का संदेश भी यही है कि हमारे जीवन में खुशियों के रंग कभी फीके न हों।

आइए, हम भी होली के अवसर पर प्रेम-स्नेह की रंगी फुहारों में भीगकर उमंगित-तरंगित हों, जीवन में नए रंग भरें। सबको होली की शुभकामनाएं...

## रंगों को समझें रंगों में उतरें

होली पर्व का निहितार्थ देखा जाए तो बहुत गहरा है। यह पर्व यही कहता है कि दूसरे के रंगों में रंगने के साथ उनको अपने रंग में भी रंगो। मतलब हम एक-दूसरे को आत्मसात करें, रंगों के बहाने अपने रिश्तों में प्रेम-स्नेह घोलें, प्रगाढ़ बनाएं। होली का पर्व हमें प्रकृति से भी जोड़कर हमारे जीवन में उत्साह-उमंग भरता है, ऊर्जावान बनाता है।

पर्व निहितार्थ

चेतना झा



*अंबर ने ओढ़ी है तन पर चादर नीली-नीली/ हरित धरित्री के आंगन में सरसों पीली-पीली/ सिंदूरी मंजरियों से है अंबा शीश सजाए/ रोलीमय संध्या ऊषा की चोली है/ तुम अपने रंग में रंग लो तो होली है।*

हरिवंश राय बच्चन की ये कितनी सारगर्भित पंक्तियां हैं। कभी अपने रंग को पहचानना तो कभी औरों के रंग में रंग जाना, कभी अपने रंग में सराबोर कर देना, जिंदगी की सार्थकता इसी में है। होली तो बहाना है, रंगों को समझने का, रंगों में उतरने का।

**प्राकृतिक रंगों का आनंद:** कभी काम का बहाना तो कभी समस्याओं का रोना, सच तो यह है कि सूर्योदय-सूर्यास्त के समय धरती-आसमान के सुंदर रंगों से हम अंजान हो रहते हैं। प्रकृति ने कितने खूबसूरत रंगों से सजा रखी है धरती। कहीं दूर तक नीला आसमान, तो कहीं पेड़ों की हरितिमा। पक्षियों के पंखों से फूलों की पंखुड़ियों तक कितने सुंदर और विलक्षण रंग हैं। पलाश-टेसू से ट्यूलिप-यलो एलडर तक। प्रकृति के कैनवस पर फैले इन रंगों को समझने, उस पर मुग्ध होने के लिए दौड़ती-भागती जिंदगी में कुछ पल ठिठकना जरूरी है। रंगों का त्योहार होली हमें यही संदेश देता है। इस साल हम कुछ इसी संकल्प के साथ मनाएं होली कि जिंदगी से प्रकृति के रंगों को दूर नहीं होने देंगे। अपनी जिंदगी में रंग बटोरेंगे तो अपनों की जिंदगी में भी रंग बिखेरेंगे। कभी थोड़ा ठहर कर किसी अनजान की उदास जिंदगी में भी चुटकी भर रंग भरने की कोशिश करेंगे हम। यकीनन ये रंग हमारी जिंदगी में सुकून बिखेरेंगे।



**समझें रंगों का अर्थ:** रंगों का हमारे दिलोदिमाग पर कितना असर पड़ता है, यह विज्ञान साबित कर चुका है। प्रकृति का हर रंग कुछ कहता ही नहीं, बहुत कुछ करता भी है। जैसे सफेद रंग को ही लें तो यह शांति की बात कहता है। अगर परिवेश में सफेद रंग की कमी होती है तो अशांति पसरती है। उसी तरह लाल रंग जोश-उमंग का रंग है। लाल वस्त्र पहने लोग आम लोगों की अपेक्षा खुद के भीतर अधिक जोश का आभास कराते हैं। रंगों के जानकारों का कहना है कि परिवेश में लाल रंग की कमी आलस्य और जड़ता को जन्म देती है। अगर आपको क्रोध अधिक आता है तो अपने कपड़ों, दीवारों के रंग, चादर, पर्दों के रंगों में नीला रखिए। रंग विशेषज्ञों का कहना है कि नीले रंग की कमी से क्रोध अधिक आता है। उपाय भी बताते हैं कि शांत जगह पर आंखें बंद कर बैठ जाएं और अनुभव करें कि चारों ओर नीलिमा फैली है। दूर तक फैले नीले आसमान को बंद आंखों से मुग्ध होकर निहारिए। यकीनन मन को शांति-सुकून मिलेगा।

**रिश्तों को करें तरोताजा:** जीवन में होली का महत्व कई रंगों से सजा है। यह उत्सव सामाजिक-पारिवारिक संबंधों को तरोताजा करने का एक खूबसूरत बहाना है। देखिए न, होली पकवानों को बनाने और अपनों को खिलाने का त्योहार है। मिलने-मिलाने का त्योहार है। निर्मल होकर दूसरों के रंग में रंगने और खुद के रंग से दूसरों को सराबोर कर देने का खूबसूरत मौका है। तो इस होली बचपन की तरह निर्मल होकर उत्सव मनाने का प्रयास करें। खाना-खिलाना तो अपनी जगह है, अबकी बचपन की तरह जी भर के रंग खेल कर देखिए। निराशा परे छटेगी। हताशा पर उमंग का रंग चढ़ेगा। यकीनन, आपके भीतर एक नई ऊर्जा भरेगी। रंग खेलने से केवल आपका शरीर ही रंगों से सराबोर नहीं होता, भीतर भी रंग हमारे आवेगों और मन को तरंगित करते हैं।

हेयर केयर

ललिता गोयल

## तब रंगों से आपके बाल नहीं होंगे खराब

होली पर रंगों से खेलने में मजा तो खूब आता है। लेकिन अगर सावधानी न बरती जाए तो रंग खेलने के बाद बालों से रंग छुड़ाने में बहुत परेशानी होती है। इससे बालों को बहुत नुकसान भी होता है। आजकल मार्केट में मिलने वाले रंग और गुलाल में कई केमिकल्स मौजूद होते हैं, जिससे बाल रूखे-बेजान हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि होली खेलने से पहले बालों की सही तरीके से केयर की जाए।

**प्रॉपर ऑयलिंग:** इस बात का ध्यान रखें कि होली पर रंग खेलते समय आपके बाल सूखे न रहें। दरअसल, मार्केट में मिलने वाले अधिकतर रंगों में केमिकल मिले होते हैं। ऐसे रंग अगर सूखे बालों में पड़ जाएं तो इससे वो कमजोर होने लगते हैं। इसलिए अपने बालों को नुकसान होने से बचाने के लिए सरसों, बादाम, जैतून या नारियल का तेल जरूर लगाएं। होली खेलने से एक घंटे पहले बालों में तेल लगाएं। इससे स्कैल्प के ऊपर एक प्रोटेक्टिव लेयर बन जाती है, बालों को पोषण मिलता है और स्कैल्प में कलर्स एब्जॉर्ब भी नहीं होते हैं। इससे रंग खेलने के बाद शैंपू करने पर आसानी से रंग निकल जाता है। बालों को खराब होने से बचाने के लिए तेल घर पर भी बनाया जा सकता है। यह तेल गुड़हल के फूल, नारियल तेल और लौंग को मिलाकर पकाकर बनाया जाता है। इस तेल से मसाज करने से बालों की कंडीशनिंग होती है, जड़ें मजबूत होती हैं।



**बांधकर रखें:** होली खेलते समय बालों को खुला ना छोड़ें। खुले बालों में रंग ज्यादा एब्जॉर्ब होता है, जिससे सिर की त्वचा पर एलर्जी हो सकती है।

**ढंककर रखें:** होली खेलने से पहले बालों को बांधने के साथ कैप लगा लें। स्कार्फ या दुपट्टे से भी बालों को ढंक सकती हैं। ऐसा करने से स्कैल्प डैमेज नहीं होगा और स्किन तक कलर नहीं पहुंचेगा। इससे बालों को एक्स्ट्रा प्रोटेक्शन भी मिलेगी।

होली पर रंग खेलने से पहले ही नहीं रंग खेलने के बाद भी बालों की देखभाल की जरूरत होती है।

**शैंपू-कंडीशनर लगाएं:** रंग, बालों को रूखा और बेजान करते हैं। इसके साथ ही केमिकल वाले रंग से सर की स्किन पर एलर्जी या ड्राइनेस हो सकती है। इससे बचने के पहले बालों को साफ पानी से अच्छी तरह धोएं और उसके बाद केमिकल फ्री शैंपू का इस्तेमाल करें। इससे ऊपरी परत से रंग हट जाएगा। इसके बाद शैंपू करें और फिर कंडीशनर लगाएं। इससे बालों में लगा रंग हट जाएगा। अगर सूखे रंगों से होली खेली है तो खेलने के बाद बालों को ब्रश कर लें।

**(हेयर एक्सपर्ट डॉ. महिमा से बातचीत पर आधारित)**

डाइट सजेशन

डॉ. अदिति शर्मा
न्यूट्रिशनिस्ट-कोलंबिया एशिया हॉस्पिटल, एनसीआर

होली के अवसर पर तरह-तरह के व्यंजन खाए-खिलाए जाते हैं। लेकिन डाइट को लेकर कॉन्शस रहना जरूरी है। जरा सी लापरवाही से आप बीमार भी हो सकती हैं। किन बातों का रखें ध्यान, जानिए।

## होली के उमंग में डाइट का रखें ध्यान

होली के मौके पर लोग खूब खाते-पीते हैं, खुशियां मनाते हैं। लेकिन इस दौरान खान-पान में होने वाली जरा-सी लापरवाही आपकी हेल्थ को बिगाड़ सकती है। ज्यादा मिर्च-मसाले और घी-तेल वाले व्यंजन खाने से एसिडिटी, फूड प्वॉइजनिंग, ब्लड शुगर और बीपी बढ़ने जैसी समस्याएं आमतौर पर देखी जाती हैं। इसलिए होली के अवसर पर यह बहुत जरूरी है कि खान-पान के मामले में आप पूरी सजगता बरतें और संतुलित आहार लें।

**तला-भुना और मीठा खाने से बचें:** होली के अवसर पर लोग गुझिया, पकौड़े, कचौरी, मिठाइयां और मैदे से बने व्यंजन खूब खाते हैं। इससे अपच, गैस, एसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसकी वजह से कई बार कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ जाता है। अधिक मीठे के सेवन से शुगर लेवल भी बढ़ सकता है। इन समस्याओं से बचने के लिए ऐसी गरिष्ठ चीजों का सेवन संतुलित मात्रा में करें।

**देर तक खाली पेट न रहें:** त्योहार के दौरान काम की व्यस्तता की वजह से कई महिलाएं लंबे समय तक खाली पेट रहती हैं। इससे



उन्हें गैस, एसिडिटी जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। ऐसी समस्याओं से बचने के लिए कुछ घंटे के अंतराल पर नट्स, ड्राई फ्रूट्स और भुने चने जैसे हेल्दी स्नैक्स खा सकती हैं। भुने मखाने का सेवन भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसलिए त्योहार के दौरान काम-काज के बीच जब भी हल्की भूख लगे, तो समय निकाल कर भुने मखाने का सेवन कर सकती हैं।

**पर्याप्त मात्रा में पीएं पानी:** होली के अवसर पर अधिकतर लोग तली-भुनी चीजें तो अधिक मात्रा में खाते हैं, पर उस अनुपात में पानी नहीं पीते हैं। इससे उनका शरीर डीहाइड्रेट हो जाता है। इस समस्या से बचने के लिए भरपूर मात्रा में पानी पीएं। पानी के अलावा आप जूस, छाछ, लस्सी, नीबू पानी जैसे तरल पदार्थ का सेवन भी कर सकती हैं। फलों का जूस भी पी सकती हैं।

**तेल-घी दोबारा न करें यूज:** त्योहार के अवसर पर कुछ भी डीप फ्राई करना हो तो उसके लिए कड़ाही में उतना ही तेल या घी डालें, जिससे तलने के बाद वो खत्म हो जाए। एक बार फ्राई के लिए यूज किए गए तेल को बार-बार गर्म करके उसका यूज करने से उसमें कार्बन मोनोऑक्साइड नामक गैस बनती है, जो सेहत के लिए नुकसानदायक होती है। इसलिए तेल या घी का दोबारा यूज न करें।



होली के दौरान खान-पान के मामले में अगर आप यहां बताई गई बातों का ध्यान रखेंगी तो आप और आपकी फैमिली को हेल्थ संबंधी कोई प्रॉब्लम नहीं होगी।

**प्रस्तुति: विनीता**

### इन बातों का रखें ध्यान

- त्योहार के दौरान बाजार में मिलावटी डिशेज भी मिलती हैं, जो सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक होती हैं। बाजार से रेडीमेड डिशेज खरीदने के बजाए, घर पर ही बनाएं।
- एल्कोहल, भांग जैसी नशीली चीजों से दूर रहें। इनके बजाए, लस्सी, ठंडाई, कांजी पिएं। ये पाचन के लिए भी फायदेमंद होते हैं।
- कई बार लोग लापरवाही में रंग लगे हाथों से खाना शुरू कर देते हैं। इससे फूड पॉइजनिंग का खतरा रहता है। ऐसी समस्या से बचने के लिए कुछ भी खाने से पहले अच्छी तरह हाथ धोना न भूलें।
- अगर आपने दिन में ज्यादा खा लिया है तो रात को सूप, सलाद और सैंडविच जैसी हल्की-फुल्की चीजों का ही सेवन करें।

भावनाएं

## पिया के संग पहली होली

शादी के बाद पिया के संग पहली होली का अहसास बहुत ही प्यारा होता है। अगर परिवार का भी साथ हो तो ये अहसास और ज्यादा प्यारे और मधुर हो जाते हैं। फिल्म एक्ट्रेस कियारा आडवाणी और अंकिता लोखंडे **सहेली** को बता रही हैं, शादी के बाद उनकी पहली होली कैसी रही? साथ ही यह भी बता रही हैं कि इस बार उनकी होली पर क्या स्पेशल प्लानिंग है?

### विक्की ने जब मुझे फूलों से बने रंगों से रंग दिया था : अंकिता लोखंडे



**शादी से** पहले मैं जितनी सीरियस रहती थी, विक्की से शादी होने के बाद उतनी ही मस्तीखोर हो गई हूं। अगर मैं कहूं कि फिल्मी अदाओं के साथ मस्ती-मजाक करती हूं तो कहना गलत नहीं होगा। मेरे पति विक्की ने मुझे इतना प्यार और सम्मान दिया कि मैं अपने आपको राजकुमारी समझती हूं। शादी के बाद पहली होली मैंने अपने ससुराल बिलासपुर में मनाई थी। वहां बहुत ही रीति-रिवाज के साथ होली का पर्व मनाया जाता है। उस वक्त मेरे लिए यह सब बहुत ही नया था, लेकिन मेरी सासू मां और ससुराल वालों ने मुझे इतना प्यार दिया कि मेरे लिए वह होली यादगार हो गई। खासतौर पर विक्की ने मुझे फूलों से बने रंगों से रंग दिया था। शादी के बाद पहली होली मैंने विक्की के साथ फुल रोमांटिक स्टाइल में मनाई थी, यह होली मेरे लिए सबसे यादगार रही। क्योंकि विक्की भी मुझसे बहुत प्यार करते हैं, इसलिए होली पर उन्होंने मुझे रंग लगाने और मेरे नखरे उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। आज भी हम लोग होली बहुत जोरदार ढंग से मनाते हैं। विक्की को पार्टी का बहुत शौक है। इसलिए वह हर होली पर स्पेशल पार्टी का अरेंजमेंट करते हैं, जिसमें हमारी फैमिली वाले और सारे दोस्त शामिल होते हैं। इस साल भी हम होली को धूमधाम से मनाएंगे। अबकी हम होली दो बार मनाएंगे, एक तो कलर्स के कुकिंग शो 'लाफ्टर शेफ' के सेट पर, दूसरी अपने घर पर।



### पूरे परिवार के साथ धूमधाम से मनाएंगे होली : कियारा आडवाणी



**होली का** त्योहार मेरे लिए किसी बड़े जश्न से कम नहीं है। फरवरी में हमारी शादी हुई थी। उसके अगले महीने ही मार्च में होली का त्योहार था, जो मैंने अपने ससुराल और पति के साथ मनाया था। होली की सुबह मैंने सबसे पहले सिद्धार्थ को रंग लगाया था, वह भी तब जब वह गहरी नींद में सो रहे थे। सिद्धार्थ ने उठने के बाद जब अपने चेहरे पर रंग लगा देखा तो उन्हें समझते देरी नहीं लगी कि यह रंग मैंने ही लगाया है। इसके बाद उन्होंने भी मुझे रंग दिया। उस दिन मैंने और सिद्धार्थ ने बहुत जमकर होली खेली थी। इस साल भी हम पूरे परिवार के साथ धूमधाम से होली मनाएंगे। मैं और सिद्धार्थ होली के मौके पर एक अच्छी पार्टी अरेंज करेंगे, जिसमें हमारे दोस्त और रिश्तेदार शामिल होंगे।



प्रस्तुति : आरती सक्सेना

## खबर संक्षेप

### छात्राओं ने एनसीयूआई का शैक्षणिक भ्रमण किया

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां के सेंटर फॉर सोसाइटी यूनिवर्सिटी इंटरफेस एंड रिसर्च (सीएसयूआईआर) के सहकारी प्रबंधन में सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स की छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई) नई दिल्ली का शैक्षणिक भ्रमण किया। दौरे का नेतृत्व सीएसयूआईआर की निदेशक प्रो. बीनू तंवर ने किया। उनके अनुसार एक दिवसीय दौरे में सबसे प्रमुख सहकारी प्रबंधन विषय पर आयोजित एक इंटरैक्टिव व्याख्यान था। जिसमें वक्ताओं ने भारत में सहकारी समितियों के कामकाज, महत्व और चुनौतियों के बारे में विस्तार से महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

### आंगनबाड़ी केंद्र रोहणा में मनाया वजन दिवस

खरखौदा। महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में गांव रोहणा के आंगनबाड़ी केंद्र में वजन दिवस मनाया गया। जिसमें 25 बच्चों की लम्बाई व वजन लिया गया। जिसमें दो बच्चे आदर्श वजन से कम पाए गए। बाकी सभी बच्चे सामान्य श्रेणी के पाए गए। सुपरवाइजर पूजा ने प्रत्येक माता को अपने बच्चों की प्रतिमाह लंबाई व वजन करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पोषण अभियान व विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ लेने के बारे में जानकारी दी। मौके पर सुमन, कमलेश ,बबीता, रेखा, पंच प्रमिला, रितु, पूनम, रीना व अन्य महिलाएं मौजूद रही।

### ज्ञापन देकर समाधान करने की मांग रखी

**गन्नौर।** भारतीय किसान मजदूर यूनियन प्रदेश महासचिव वीरेंद्र पहल ने सरसों की सरकारी ख़रीद में मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर दर्ज होने के बाद भी किसानों को ई ख़रीद का गेट पास मिलने में दिक़्क़त ना आए। इसी को लेकर तहसीलदार व नायब तहसीलदार से ज्ञापन देकर समाधान की मांग की। उसके बाद समस्या के समाधान को लेकर तहसीलदार ने पटवारीयों के साथ बैठक की।

तहसीलदार ने गंभीरता से किसानो की समस्याओं पर विचार किया और सभी पटवारियों को निर्देश दिये की 15 तारीख को खरीद शुरू होनी है उससे पहले किसी तरह की कोई कमी है तो तुरंत संज्ञान में लाए । किसानों की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

### मानव का जीवन वृक्षों पर आधारित

**सोनीपत।** पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए खाकी के जवान पीछे नहीं है। पुलिस लाइन में समय-समय पर पुलिस जवानों व अधिकारियों द्वारा पौधारोपण अभियान चलाया जाता है। सोमवार को पुलिस उपायुक्त क्राइम एवं पश्चिम जोन को संभाल रहे नरेंद्र कादयान ने परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया। अभियान के तहत टीम के साथ पौधारोपण किया। कार्यक्रम के दौरान कहा कि वृक्ष हमारे पर्यावरण संरक्षण के लिए बहुत ही अहम कड़ी हैं। ये निरंतर कार्बन डाइऑक्साइड लेकर आक्सीजन छोड़ते हैं। पेड़ों द्वारा ऑक्सीजन यानी प्राणवायु छोड़ने के कारण मानव जिन्दा रह सकता है। मानव का जीवन वृक्षों पर आधारित है अन्यथा सृष्टि नष्ट हो जाएगी। बढ़ते प्रदूषण से वातावरण के प्रदूषित होने से विश्व चिंतित है, जीवन खतरे में है इसलिए सृष्टि के संरक्षण के लिये ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए।

## पद्मश्री सुभाषिणी देवी को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

# भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय नारी सशक्तिकरण की मिसालः वीसी

### तकनीक के साथ गुरुकुल शिक्षा के नैतिक मूल्यों का प्रतिष्ठापन करने की जरूरत

भगत फूल सिंह और उनकी बेटी पद्मश्री बहन सुभाषिणी देवी पर शोध की महत्ता से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय मात्र शिक्षण संस्थान ही नहीं बल्कि नारी शिक्षा व सशक्तीकरण के लिए भगत फूल सिंह व बहन सुभाषिणी द्वारा किए गए त्याग की जीवंत मिसाल है। उनकी इस तपोस्थली के मूल उद्देश्य को आगे बढ़ाते आधुनिक तकनीक के साथ गुरुकुल शिक्षा के नैतिक मूल्यों का प्रतिष्ठापन करने की जरूरत है। इससे नारी शिक्षा व सशक्तीकरण के संकल्प को दृढ़ किया जा सकेगा। ये बात विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कही। उन्होंने पद्मश्री सुभाषिणी देवी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। विश्वविद्यालय के पद्मश्री बहन सुभाषिणी देवी शोधपीठ के तत्वावधान में कार्यक्रम हुआ। शुरूआत में हवन कराया गया, जिसमें कुलपति ने बतौर मुख्य अतिथि आहुति डाली। इसके बाद बहन सुभाषिणी की समाधि पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। बाद में संगोष्ठी आयोजित की गई। कुलपति और विशिष्ट अतिथि रूप में शोधपीठ की मानद प्रोफेसर डा. शकुंतला ने संस्थान के संस्थापक भगत फूल सिंह और उनकी बेटी पद्मश्री बहन सुभाषिणी देवी पर शोध की महत्ता से अवगत कराया। बहन सुभाषिणी का परिचय जग जाहिर होना चाहिए। शोध पीठ की निदेशक डा. डेजी, फैकल्टी आफ सोशल साइंस के डीन प्रो. रवि भूषण, डा. सीमा दहिया व सुनील बिसला रहे।



गोहाना। हवन में आहुति देते कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### सावित्रीबाई फूले को किया नमन

गोहाना। सोमवार को लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के कार्यकर्ताओं ने माता सावित्रीबाई फुले को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया गया। श्रद्धांजलि समारोह शहर में खानपुर कलां मोड के सामने स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले चौक में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता पार्टी जिलाध्यक्ष डॉ. विनोद मोहाना ने की। मंच संचालन युवा इकाई के जिलाध्यक्ष धर्मबीर प्रजापति ने किया। डॉ. विनोद ने कहा कि हमारे महापुरुष हमारे पूजनीय हैं। हमें उनके पदि्चहनों पर चलते हुए समाज व देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाना चाहिए। समारोह में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सावित्रीबाई फुले के पदि्चहनों पर चलते हुए समाज के विकास में सहभागी बनने का संकल्प लिया। इस मौके पर राजेंद्र सैनी, रामवतार सैनी, नरेश प्रजापति, शशि सैनी, सतबीर, रामफल, मुकेश, शमशेर, रामबीर, रामकुमार, जीतेन्द्र, अनूप, प्रवीण व रामनिवास सैनी मौजूद रहे।



गोहाना। सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए नागरिक।

## भारत की पहली महिला शिक्षिका थी सावित्रीबाई

■ 128वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया

**गोहाना।** सोमवार को पानीपत रोड गोहाना स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले चौक पर माता सावित्रीबाई की 128वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह डांगी ने कहा कि 18वीं शताब्दी में भारत की पहली अध्यापिका व सामाजिक क्रांति की अग्रदूत सावित्रीबाई फुले एक प्रखर, निर्भीक, चेतना संपन्न, तर्कशील, दार्शनिक, स्त्रीवादी ख्याति प्राप्त, लोकप्रिय कवियत्री, प्रतिभा एवं ताकत की मिसाल थी। उनका पूरा जीवन समाज के वंचित तबको खास कर दलित और स्त्रियों के अधिकारों के लिए संघर्ष और सहयोग में बीता था।



सोनीपत। सम्मान के साथ सम्मानित होने वाले समाजसेवी। फोटो :हरिभूमि

## सोनीपत : नारी रत्न सम्मान समारोह का किया आयोजन

■ अपने-अपने क्षेत्र में और अधिक सेवा कार्य करने की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बाल युवा नारी जागृति मंच संस्था की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 27 वां नारी रत्न सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देश के अलग-अलग क्षेत्र से आने वाली नारी शक्ति और समाज सेवकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय विद्यापीठ कॉलेज, पश्चिम विहार, दिल्ली के खूबसूरत प्रांगण में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सोनीपत से ब्रह्मकुमारी सुनीता, प्राचार्या सुमन बाला, हिंदी प्रवक्ता दिलबाग सिंह, गीता, मास्टर सुरेंद्र कश्यप, ऋतुराज, पिंकी, सुमन छिक्कारा, कांता हुड्डा, दर्शना, रुचिका, मीनाक्षी आदि को भी शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मान पत्र देकर कृतार्थ किया गया। इस अवसर पर सभी ने समाज में फैली बुराइयों को दूर करने और अपने-अपने क्षेत्र में और अधिक सेवा कार्य करने की शपथ भी ली।

### लक्ष्य प्राप्ति के लिए सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें

■ एनएसएस इकाई एक से रितिका और दो से भूमि सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका चुनी

■ समापन सत्र के मुख्य अतिथि पंडित नेकीराम कालेज से सेवानिवृत प्रो. सुरेंद्र मलिक रहे

**गोहाना।** राजकीय महिला महाविद्यालय, गोहाना में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का शनिवार को समापन हो गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि पंडित नेकीराम महाविद्यालय रोहतक से सेवानिवृत प्रो. सुरेंद्र मलिक रहे। उन्होंने कहा कि अगर हम सकारात्मक सोच से कार्य करेंगे तो किसी भी लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य शमशेर सिंह हुड्डा ने की। ाजकीय महिला महाविद्यालय, गोहाना में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का शनिवार को समापन हो गया। प्राचार्य ने स्वयंसेविकाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी और आगे भी जीवन में इस तरह के क्रियाकलापों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इकाई एक से सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका के लिए रितिका और इकाई दो से सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका के लिए भूमि चुनी गई। इस अवसर पर डॉ. सतीश कुमार, डॉ. सीमा देवी व प्रवीण देवी भी उपस्थित रहे।

## जीएसटी के अप्रत्यक्ष प्रभाव विषय पर सम्मेलन का किया आयोजन

■ कॉस्ट अकाउंटिंग के नवीनतम रुझानों व चुनौतियों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के सोनीपत चैप्टर द्वारा जीएसटी के अप्रत्यक्ष प्रभाव विषय पर एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सीए विजय गोसाईं ने प्रमुख रूप से हिस्सा लिया।

उन्होंने इस विषय पर विस्तार से समझाया और कार्यक्रम में मौजूद सभी सदस्यों के प्रश्नों का बखूबी जवाब भी दिए। इस अवसर पर सोनीपत चैप्टर के चेयरमैन प्रवीण मदान और सचिव पवन कुमार ने बताया कि सोनीपत चैप्टर लगभग 4 साल पहले खोला गया था। कार्यक्रम में कॉस्ट अकाउंटिंग के नवीनतम रुझानों और चुनौतियों पर चर्चा की गई। सम्मेलन में मंच संचालन अतुल खट्टर ने किया। कार्यक्रम में चैप्टर के वाइसचेयरमैन दिनेश खत्री, डॉ. जितेंद्र अग्रवाल, भरत, सुरेंद्र गोयल, दिनेश अग्रवाल, पंकज जैन, तरुण, मोहित, सीए भूपेश खन्ना, अतुल खट्टर, प्रिया आदि ने हिस्सा लिया।




सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

## होली प्रेम और सौहार्द का प्रतीक : सीता राम

■ मंदिर श्री ठाकुर द्वारा कल्याण नगर की महिला संकीर्तन मंडली ने खेली फूलों की होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मन्दिर श्री ठाकुर द्वारा कल्याण नगर की महिला संकीर्तन मंडली ने मंदिर परिसर में पूर्व मंत्री कविता जैन, विधायक निखिल मदान की माता अनिता मदान व पत्नी निखिता मदान के साथ फूलों की होली खेल कर भक्तिमय माहौल में समाज को भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में महामण्डलेश्वर सीता राम महाराज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मंदिर समिति प्रधान पवन तनेजा ने कार्यक्रम का आयोजन किया। महामंडलेश्वर महाराज ने होली पर्व की महत्ता बताते हुए कहा कि भक्त प्रहलाद का नारायण भगवान के प्रति अटूट विश्वास के कारण होलिका का अग्नि दहन हो गया और प्रहलाद का बाल भी बांका नहीं हुआ। दूसरा मां यशोदा ने श्री कृष्ण को कहा कि बरसाना जा कर राधा रानी को अपने रंग में रंग लो। तीसरा इसी दिन भोले नाथ गोपी बनकर श्री कृष्ण के रास में शामिल हुए और गोपियों के रंग में रंग गए।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मौजूद पूर्व मंत्री एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मंदिर समिति प्रधान पवन तनेजा, महिला मंडली प्रधान द्रोपदी थरेजा, महासचिव वीना तनेजा, सोनिया कौशिक, राज मुंजाल, मोना गुगलानी, प्रकाश आहूजा, रितु नंदा, शशि बाला, रिचा चावला, चयनिका छाबड़ा, कमलेश, यशवंती शर्मा, नीरू चावला, राज सेतिया, सरला, कृष्णा, तारा, गीता संदूजा, आदर्श बाला, प्रभा चावला, पुष्पा, लीलावती, सरोज, पारुल अरोड़ा, सरिता वधवा, कौशल्या वधवा, पूनम मलिक, मोनिका दुआ, राज मुंजाल, प्रेम डुडेजा, कौशल्या कालरा, मधु विशिष्ट, जसवंत कौर, अनीता शर्मा, वर्षा वर्मा, पूजा मुंजाल, अजय सेतिया, अशोक मौजूद रहे।



गोहाना। योगी बाबा चमन नाथ से आशीर्वाद लेते। फोटो :हरिभूमि

### पूजा-अर्चना कर मांगी मन्नतें

**गोहाना।** रभड़ा गांव स्थित डेरा बाबा मजलिस नाथ के परिसर में आयोजित वार्षिक मेले के दूसरे दिन देश के कोने-कोने से संत महात्मा पहुंचे। मेले में भारी तादाद में श्रद्धालु गण भी पहुंचे और डेरे में पूजा-अर्चना करके अपने परिवार व समाज कल्याण के लिए दुआएं मांगी।सानिध्य डेरा संचालक योगी बाबा चमन नाथ का रहा। उन्होंने कहा कि गृहस्थ जीवन में घर व समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के साथ भगवान की भक्ति भी करें। भक्ति करने से मन को शांति मिलती है और व्यक्ति जीवन में पथभ्रष्ट होने से बच जाता है। कार्यक्रम के लिए संयोजन श्री श्री सिद्ध बाबा मजलिस नाथ डेरा सेवा समिति रभड़ा का रहा। कार्यक्रम में प्रबुद्ध नागरिकों में सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, विधायक इंदुराज नरवाल, सर छोटूराम विचार समिति के अध्यक्ष प्रदीप चहल आदि मौजूद रहे।

## मांगों का जल्द समाधान की मांग

■ कर्मियों की मांगों को प्राथमिकता देते जल्द पूरा करने का वादा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की शाखा पब्लिक हेल्थ सोनीपत का यूनियन शिष्टमंडल ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा की अध्यक्षता में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कार्यकारी अभियंता मौहम्मद आशिक के साथ उनके कार्यालय डीएंडपी डिवीजन माडल टाउन सोनीपत में बैठक की। ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा ने बताया कि आज संस्था शिष्टमंडल द्वारा कार्यकारी अभियंता को कर्मचारियों की लंबित पड़ी मांगों बारे में अवगत कराया तथा उनसे मांगों के जल्द से जल्द समाधान की मांग की। कार्यकारी अभियंता द्वारा भी संगठन को कर्मचारियों की मांगों को प्राथमिकता देते हुए जल्द ही पूरा करने का वादा किया। कर्मचारियों की मुख्यत मांगें, बकाया एलटीसी बिलों मेडिकल बिलों जीपीएफ बिलों के भुगतान में तेजी लाने, जूते डांगरी रेन कोट सेफ्टी किट जारी करने, साइडों पर पंखे कुर्सी देने बारे, जर्जर पड़े जलघरों की मुरम्मत करने बारे, ड्यूटी आईकार्ड बनाने, बकाया साबुन तेल देने आदि हैं। बैठक में ब्रांच कार्यकारिणी से जिला प्रधान विष्णु दत भारद्वाज, उपप्रधान रमेश कुमार, रणबीर सिंह, मुख्य सलाहकार शंभू कुमार मौजूद रहे।



सोनीपत। कार्यकारी अभियंता के साथ बैठक करते संस्था का शिष्टमंडल।




कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों के साथ डॉ. ज्योतिराज एवं अन्य अतिथिगण।

### विशेष शिविर का समापन

**सोनीप।** हिंदू कॉलेज सोनीपत के एनएसएस इकाइयों के सात दिवसीय शिविर का सोमवार को समापन हो गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति अवार्डी डॉ. ज्योतिराज, मुख्य अतिथि के रूप में और संगीता गौड़ विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रही। साथ ही मुख्य वक्ता के सीआरए कॉलेज से डॉ. उषा दहिया कार्यक्रम में मौजूद रही।डॉ. ज्योति राज ने बच्चों को नशे से दूर रहने की सलाह दी और पूरी मेहनत और जज्बे के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उन्हें सही रास्ता दिखाया। संगीता गौड़ ने बच्चों को सरकार की अनेक युवा योजनाओं से अवगत कराया और उनका पूरा लाभ लेने के तरीके से अवगत कराया। डॉ. उषा दहिया ने स्वयंसेवकों को नेक राह पर चलने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज की प्राचार्य अर्चना गुप्ता, उपप्राचार्य डॉ. अरुण गौड़ उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** कुंडली एचएसआईआईडीसी के सभागार में होली स्नेह मिलन समारोह

# होली शांति और सौहार्द व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीकः निदेशक

डॉ. हरिंदर सिंह ओबेरॉय ने एसो के सभी पदाधिकारियो को होली की बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

कुंडली इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा सोमवार को कुंडली एचएसआईआईडीसी के सभागार में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम संगठन के प्रधान सुभाष गुप्ता, अरविंद चौधरी, धीरज चौधरी ने संगठन के सभी सदस्यों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान कुंडली के निदेशक डॉ. हरिंदर सिंह ओबेरॉय ने शिरकत की। डॉ. हरिंदर सिंह ओबेरॉय ने एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियो को होली की बधाई देते कहा कि होली शांति और सौहार्द का प्रतीक है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का महापर्व है, जिसमें भारतीय संस्कृति की झलक दिखती है।। उन्होंने होली को मनमुटाव दूर करने का त्योहार बताया। उन्होंने कहा कि होली के रंग जीवन को सतरंगी बनाते हैं। इस आयोजन को आपसी सौहार्द बढ़ाने का माध्यम बताया।



डॉ. हरिंदर सिंह ओबेरॉय का स्वागत करते प्रधान सुभाष गुप्ता, अरविंद चौधरी, धीरज चौधरी व सदस्य।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रवीण जैन, केके गोयल, अजय जैन, धीरज चौधरी, नरेश मित्तल, वेद प्रकाश गुप्ता, अखिल आनंद, टीना खंडेलवाल, उत्कर्ष गर्ग, अरविंद चौधरी के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

एसोसिएशन के प्रधान सुभाष गुप्ता, अरविंद चौधरी, धीरज चौधरी ने कार्यक्रम में आने पर सभी का आभार व्यक्त किया। सुभाष गुप्ता ने कहा कि एसोसिएशन द्वारा हर साल होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है। इसी के माध्यम से सभी उद्योगपतियों को आपस में मिलने का अवसर मिल जाता है।

# पर्यावरण संरक्षण हमारा नैतिक और संवैधानिक कर्तव्यः नवीन

■ एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एक पेड़ मां के नाम आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित पूरे भारतवर्ष में चलाए जाने वाला पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक कार्यक्रम है। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी नवीन गुलिया ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण हमारा नैतिक और संवैधानिक कर्तव्य है। हमें पर्यावरण को बचाने के लिए सभी आवश्यक प्रयास करने चाहिए। इसी उपलक्ष्य में नेहरू युवा केंद्र सोनीपत से जुड़े भारत के



स्वयंसेवकों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को मनाने का एक बेहतरीन तरीका पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनाया। यह कार्यक्रम स्वयंसेवक गौरव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें की धीरेंद्र, आदित्य, आयुष, कवल्य इत्यादि युवा साथी उपस्थित रहे।

सूचना

मैं, सरोज पत्नी स्व. श्री सुरेन्द्र सिंह निवासी गांव पहलादपुर किढौली तहसील खरखौदा जिला सोनीपत हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र महिपाल मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### मारपीट के मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** मुरथल थाना सोनीपत पुलिस ने शादी समारोह में मारपीट करने व जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अंकित, निखिल, सौरभ, सुंदर निवासी टिकौला का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बरोदा मोर निवासी रोहित ने गत 27 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि 25 नवंबर को उसके चाचा रमेश के लड़के की शादी थी। इसी शादी में इन आरोपितों ने मारपीट की थी।

### जनता संस्था बुटाना की महासभा पर फिर से स्टे

**गोहाना।** जनता शिखण संस्थान, बुटाना के पूर्व अध्यक्ष अजीत सिंह सांगवान के अनुसार संस्था में हो रहे भ्रष्टाचार पर सरकार ने सख्त रूप दिखाते हुए इंक्वायरी ऑफिसर सीबीआई डीएसपी नियुक्त किया है। रजिस्ट्रार, फर्म एंड सोसाइटी सोनीपत ने 26 फरवरी को महासभा की मीटिंग पर 25 फरवरी को स्टे कर दिया था। संस्था के अध्यक्ष ने दोबारा से फिर 11 मार्च को महासभा की मीटिंग बुलाने का पत्र जारी कर दिया। अब फिर एक दिन पहले 11 मार्च की होने वाली महासभा की मीटिंग को स्टे कर दिया है।

### मारपीट की वारदात में शामिल दो आरोपित धरे

**सोनीपत।** मुरथल थाना सोनीपत पुलिस ने चाकू से हमला कर घायल करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नितिन उर्फ निखिल पट्टी ब्राह्मण व मयंक उर्फ पटाखा निवासी ताजपुर का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव पिनाना निवासी सागर उर्फ हैप्पी ने चार फरवरी को पुलिस को मारपीट करने की शिकायत दर्ज करवाई थी।



# नागरिक अस्पताल गोहाना में स्थापित होगा डायलिसिस केंद्र

*नागरिक अस्पताल सोनीपत में पहले से चल रहे केंद्र पर पांच बेड की सुविधा का होगा विस्तार*

■ खरखौदा सीएचसी में भी मिलेगी डायलिसिस की सुविधा

सुनील छिक्कारा ▶▶| सोनीपत

जिले में डायलिसिस मरीजों के लिए सरकार की तरफ से निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। सरकार की तरफ से सुविधा को बढ़ाने के लिए एक कदम और आगे बढ़ाने का काम किया है।

विभाग की तरफ से जिला नागरिक अस्पताल में बेड की संख्या बढ़ाने व अन्य दो स्वास्थ्य केंद्रों पर डायलिसिस सेंटर स्थापित करने के प्रपोजल को हरी झंडी दी है। जिसके बाद से सोनीपत जिले में तीन स्थानों पर मरीजों को सुविधा दी जायेगी। हाल में सोनीपत नागरिक अस्पताल में हर माह में करीब 1200 डायलिसिस किए जा रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में डायलिसिस निःशुल्क की जा रही है, जबकि निजी अस्पतालों में एक बार की डायलिसिस के डेढ़ हजार से दो हजार रुपये लगते हैं। लोगों को नजदीक में ही यह सुविधा मिले उसके लिए विभाग की तरफ से प्रपोजल तैयार करके सरकार के पास भेजा गया था। प्रपोजल को सरकार की तरफ से स्वीकार कर लिया गया है। वित्तिय विभाग की तरफ से मंजूरी मिलने के बाद जिले में तीन स्थानों पर खरखौदा सीएचसी व गोहाना नागरिक अस्पताल में दो-दो बेड़ का केंद्र स्थापित किया जायेगा। वहीं नागरिक अस्पताल सोनीपत में पहले से चल रहे केंद्र पर पांच बेड की सुविधा को बढ़ाया जाएगा।

### नागरिक अस्पताल में स्थित केंद्र पर करीब 90 मरीज रजिस्टर




प्रदेश में निजी एजेंसी के माध्यम से यह सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। नागरिक अस्पताल में दस बेड का डायलिसिस केंद्र स्थापित किया गा था। मशीन कम होने की वजह से कई जिला अस्पतालों में किडनी रोगियों की सप्ताह में एक या दो बार ही डायलिसिस हो पा रही थी। पुराने रोगियों की संख्या 100 से ज्यादा होने की वजह से नए रोगियों में बहुत कम की ही डायलिसिस हो पा रही थी। उन्हें मजबूरी में निजी अस्पतालों में जाना पड़ता था। हाल में नागरिक अस्पताल में करीब 90 मरीजों को सुविधा दी जा रही है। वहीं पांच नए बेड आने व मशीनें बढ़ने से बहुत हद तक यह समस्या हल हो जाएगी।



### सभी सरकारी अस्पतालों में मुफ्त सुविधा दी जा रही

ब्लड प्रेशर और शुगर के मरीजों को समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवानी चाहिए। क्रोनिक किडनी डिजीज के शिकार रोगियों को राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में मुफ्त डायलिसिस की सुविधा दी जा रही है। वहीं जिले के नागरिक अस्पताल में फ्री में सुविधा उपलब्ध है। साथ ही पांच नए बेड नागरिक अस्पताल व खरखौदा सामुदायिक केंद्र व नागरिक अस्पताल गोहाना में दो-दो बेड के केंद्र स्थापित किए जायेगें। वित्तीय मंजूरी का इंतजार है। प्रपोजल को हरी झंडी मिल चुकी है। मंजूरी के बाद केंद्रों पर सुविधा को शुरू कर दिया जाएगा।

-डा. संदीप लठवाल, कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी

# इस बार गर्मियों में नहीं रहेगी पानी की समस्या, 31 से शुरू होगा डब्ल्यूटीपी

## स्काडा तकनीक का इस्तेमाल कर ऑटोमेटिक चलेगा पूरा संयंत्र

■ फिलहाल एचएसवीपी से हर माह 6 लाख रुपये देकर खरीदा जा रहा है 3 एमएलडी पानी

■ दर्जनों कॉलोनियों को होगा फायदा, शहर के पश्चिमी क्षेत्र में पेयजल की समस्या होगी समाप्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

इस बार की गर्मियों में शहर के पश्चिमी क्षेत्र (लाइन पार) में पेयजल संबंधी समस्या नहीं होगी। नगर निगम ने तकनीक का सहारा लेते हुए इस बार गर्मियों के लिये विशेष तैयारियां की है। ककरोई रोड पर जल शोधन संयंत्र तैयार हो गया है और 31 मार्च से पहले इस संयंत्र से शहर में सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। हालांकि इससे पहले संयंत्र का ट्रायल भी लिया जाएगा। विशेष बात ये है कि स्काडा नाम की विशेष तकनीक के जरिये जल शोधन संयंत्र पर नियंत्रण रखा जाएगा। पूरा संयंत्र ऑटोमेटिक मोड पर चलेगा, जिसकी वजह से पेयजल सप्लाई में भी दिक्कत नहीं होगी।

प्रदेश सरकार ने ककरोई रोड पर 20 कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति के लिए छह वर्ष पूर्व अमृत योजना के तहत जल शोधन संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) मंजूर किया था। निगम ने चार साल पहले प्लांट बनाकर तैयार कर लिया था। ककरोई रोड पर जल शोधन संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) के निर्माण पर 22.33 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। पश्चिमी यमुना नहर से डब्ल्यूटीपी तक ककरोई रोड के साथ 3.5 किलोमीटर लंबी पेयजल लाइन डाली जा चुकी है। 10 मीटर पेयजल लाइन डालने का काम बचा है।

ट्रायल पूरा कर 31 मार्च तक पश्चिमी क्षेत्र में पानी आपूर्ति की जाएगी। नगर निगम ने सिंचाई विभाग से 13 क्यूसेक पानी देने की मांग की थी। उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में तय हुआ था कि ककरोई झाल से पानी दिया जाएगा। ट्रायल के बाद डब्ल्यूटीपी से कॉलोनियों में 15 मिलियन लीटर रोजाना (एमएलडी) पेयजल आपूर्ति शुरू की जाएगी। वर्तमान में शहर में 55 एमएलडी पानी की जरूरत है, जबकि निगम क्षेत्र में 48 एमएलडी पानी लोगों को दिया जा रहा है।

### शहर को 55 एमएलडी पानी की जरूरत

शहर में 55 एमएलडी पानी की जरूरत है, लेकिन सप्लाई 48 एमएलडी होरहा है। रेलवे लाइन पार क्षेत्र की आबादी को 22 एमएलडी पानी की जरूरत है। वर्ष 1998 में महलाना रोड पर बने 18 एमएलडी क्षमता वाले प्लांट से आने वाला पानी क्षेत्र के लिए कम पड़ रहा है। नगर निगम के पास आपूर्ति के लिए 17 एमएलडी पानी उपलब्ध है। डब्ल्यूटीपी चालू होने से 15 एमएलडी पानी मिल सकेगा। पर्याप्त नहरी पानी मिला तो रेलवे लाइन पार पुराने शहर में पेयजल संकट हमेशा के लिए दूर हो जाएगा। वहीं, पूर्वी क्षेत्र में जाजल रेनीवेल से 30 एमएलडी पानी की आपूर्ति हो रही है, जबकि रेनीवेल की क्षमता 40 एमएलडी की है।

### जल्द होगा ट्रायल

जल शोधन संयंत्र के चालू होने पर पश्चिमी क्षेत्र में शहरी मानक पर 135 लीटर पानी प्रति व्यक्ति के हिसाब से दिया जा सकेगा। होली पर्व के बाद जल शोधन संयंत्र ट्रायल प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। नए संयंत्र को स्काडा तकनीक के जरिये ऑटोमेटिक चलाया जाएगा।

-नरेंद्र सिंह, सहायक अभियंता, नगर निगम

### हर माह खरीद रहे छह लाख का पानी

नगर निगम वर्ष 2022 से लगातार पश्चिमी क्षेत्र के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) से पानी की खरीद कर रहा है। एचएसवीपी नगर निगम को प्रतिदिन तीन एमएलडी पानी दे रहा है। बदले में नगर निगम छह लाख रुपये का भुगतान किया जा रहा है। डब्ल्यूटीपी चालू होने के बाद नगर निगम के हर माह छह लाख रुपये बचेंगे। वहीं नए प्लांट के चालू होने के बाद आठ ट्यूबवेल बंद हो जाएंगे। जिसमें बाबा कॉलोनी, लहराड़ा, महलाना रोड, सेक्टर-23 के दो-दो ट्यूबवेल शामिल हैं।

### लोगो को मिलेगा सुकून

डब्ल्यूटीपी चालू होने पर दर्जनों कॉलोनियों में रहने वाले डेढ़ लाख से ज्यादा लोगों को फायदा होगा। दहिया कॉलोनी, मायापुरी, कीर्ति नगर, सरस्वती विहार, देवीलाल कॉलोनी, गढ़ी ब्राह्मणान, विशाल नगर, वेस्ट रामनगर, भगत सिंह कॉलोनी, कालूपुर, बाबा कॉलोनी, मोहन नगर, लहराड़ा, आर्य नगर, इंडियन कॉलोनी, मयूर विहार,विकास नगर, मालवीय नगर, गढ़ी घसीटा, समेत कई कॉलोनियों को फायदा हो सकेगा।

# ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओं की कमी नहीं : कादियान



**गन्नौर।** मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान 8वीं विशाल कुश्ती प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

पुरखास गांव के खेल स्टेडियम में फाल्गुन माह की एकादशी के पावन अवसर पर विशाल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें आसपास व दूर-दराज से अलग-अलग वर्गों के 400 पहलवानों ने दांव-पेंच से दर्शकों का दिल जीत लिया।

कुश्ती में जबरदस्त उठापटक को देखकर दर्शक भी रोमांचित हो उठे। कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने किया तथा स्पर्धा में हिस्सा ले रहे पहलवानों से परिचय प्राप्त करके उनका उत्साहवर्धन किया। स्पर्धा में 90 केजी में आयुष बैंयापुर, 76 केजी में यश मिर्चपुर, 58 केजी में आदित्य भगत सिंह अकादमी, 48 केजी में आर्यन जुवान, 44 केजी में माणिक चुलकाना, 38 केजी में रूपेश जुआं, 34 केजी में नैतिक मोखरा, 30 केजी में प्रिंस मोखरा, 28 केजी में कुश पुरखास विजेता रहे और विधायक कादियान ने इनाम देकर सम्मानित किया। विधायक कादियान ने कहा कि कुश्ती मिट्टी से जुड़ा खेल है। इससे भारत की पहचान है। कुश्ती को हर स्तर पर बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, केवल उन्हें सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है। हर बच्चे के माता-पिता को भी बच्चे की रूचि के अनुसार उसे खेलों में हिस्सा लेने के लिए प्रति प्रेरित करना चाहिए। कादियान ने कहा कि पुरखास गांव ने अंतरराष्ट्रीय स्तर तक के खिलाड़ी दिए है, खेल समापन पर आयोजकों ने विधायक को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सतीश, सुनील सरपंच प्रतिनिधि, पूर्व सरपंच नरेश, सरपंच बहादुर पहलवान, देवेंद्र सरोहा आदि मौजूद रहे।

### आज पहुंचेगी शक्ति, भक्ति और आस्था का महासंगम भगवा त्रिशूल यात्रा, होगा स्वागत



**सोनीपत।** प्रयागराज से शुरू हुई भगवा त्रिशूल यात्रा मंगलवार को पूर्ण मूर्ति कैंपस, कामी रोड में दोपहर के समय पहुंचेगी। अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद की तरफ से निकाली जा रही भगवा त्रिशूल यात्रा का स्वागत ढोल-नगाड़ों के साथ किया जाएगा। स्वागत समारोह में कैंपस के विद्यार्थियों के साथ ही हजारों की संख्या में स्थानीय लोग भी शिरकत करेंगे। हरिद्वार में निरंजनी पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज से आशीर्वाद लेकर लौटे पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा. विजयपाल नैन ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कृति का पुनर्जागरण है। मंदिरों का संरक्षण और आधुनिकीकरण भी इसका लक्ष्य है। युवा जागरण, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना, पर्यावरण और जल संरक्षण को प्रोत्साहित करना भी इसके उद्देश्यों में शामिल है। उन्होंने बताया कि स्वागत समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा सहित कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहेंगे।

### गुजवि के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल दत्तात्रेय ने कमलदीप को किया सम्मानित

■ पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में रहा अव्वल



**गोहाना।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (विवि), हिसार में के छठे दीक्षांत समारोह में हरियाणा के राज्यपाल भंडारू दत्तात्रेय ने पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कमलदीप अत्री को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया। वे गोहाना की चोपड़ा कालोनी के निवासी हैं। समारोह की मुख्य अतिथि महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू थीं। मेधावी कमलदीप अत्री के पिता एक व्यापारी हैं जबकि मां गृहिणी हैं। उनके भाई पंकज अत्री भी फार्मेसी विभाग के शोधकर्ता हैं। कमलदीप ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। समारोह में राष्ट्रपति ने कमलदीप की उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में हरियाणा लोक निर्माण विभाग के मंत्री रणबीर गंगवा और विवि के कुलपति प्रो. नर्शिराम बिश्नोई भी उपस्थित रहे। दीक्षांत समारोह में विभिन्न संकायों के कई अन्य मेधावी छात्रों को भी पुरस्कार और डिग्रियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### 23 मार्च को 75वें शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत सिंह पार्क गोहाना में 23 मार्च को 75वें शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित होगा। समारोह में शहीद भगत सिंह, शिव राम राजगुरु और सुखदेव सिंह थापर को नमन किया जाएगा। समारोह की तैयारियों के संदर्भ में सोमवार को जन चेतना मंच गोहाना की टीम लोगों को निमंत्रण देने के लिए खन्दराई में पहुंची। ग्राम सुधार समिति खन्दराई के अध्यक्ष जगमहेन्द्र सिंह के साथ समिति सदस्य प्रताप सिंह, बिट्टू कश्यप, बिजेंद्र सिंह व साहिल बमहनिया ने टीम का स्वागत किया।

### कॉलेज की छात्राओं ने मनाया रंगोत्सव

**गन्नौर।** जैन गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं ने फूलों व रंगों के साथ होली का त्यौहार मनाया। कॉलेज प्राचार्य डॉ मनोज व प्राध्यापिकाओं को छात्राओं ने गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी व आशीर्वाद लिया । डॉ मनोज ने बताया कि बेटियां रंगे बिना छोड़ती ही कहां हैं। उन्होंने कहा कि हर त्यौहार की रौनक बेटियों से ही होती है , वो बड़ी ही भाग्यशाली हैं कि इतनी सारी बेटियों के मुँह पर मुस्कान ला पाते हैं। छात्राओ ने बताया कि होली का पर्व एक साल बाद आता है। इस दिन को वह अपने सहपाठियों के साथ मनाना ज्यादा पसंद करते हैं। होली से पहले छुट्टियां होने के कारण वह अपने सहपाठियों के साथ होली खेलने से वंचित न रहें।

# दंगल गर्ल बनी संध्या राठी कुश्ती में लड़के को हराया



■ गांव धनाना में प्रतिवर्ष आयोजित होता है कुश्ती दंगल

**गोहाना।** कुमारी संध्या राठी को विजेता घोषित करते हुए कोच। फोटो : हरिभूमि

**गोहाना।** धनाना की लाडली राष्ट्रीय पहलवान कुमारी संध्या राठी पुत्री स्व. संदीप राठी का मुकाबला कुश्ती दंगल में लड़के साथ हुआ। संध्या ने ओपन मुकाबले में अपने प्रतिद्वंद्वी पहलवान को पराजित करके पहला स्थान हासिल कर अपनी ताकत का दम दिखाया।

जिला सोनीपत के गांव पुरखास में फाल्गुन माह की दसवीं के दिन प्रति वर्ष कुश्ती दंगल आयोजित किया जाता है। दंगल में नामी पहलवान पहुंचकर अपनी ताकत का प्रदर्शन करते हैं। इस क्रम में इस बार भी इस वार्षिक ओपन कुश्ती दंगल में पहलवानों ने अपने दांव-पंच दिखाए।

संध्या राठी ने कुश्ती दंगल में गांव पुरखास के पहलवान को पटखनी दी। इस शानदार प्रदर्शन को लेकर उनको सम्मानित किया गया। संध्या द्वारा पदक जीतने पर उनके गांव धनाना में खुशी का माहौल है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## राष्ट्रीय सीनियर फ्री स्टाइल कुश्ती में दिखाया दमखम

# आर्यन गौतम ने जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पंजाब में हुई सीनियर फेडरेशन कप फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में रायपुर निवासी 21 वर्षीय आर्यन गौतम ने 92 किलो भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता। यह प्रतियोगिता 8 से 9 मार्च तक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में हुई। आर्यन ने दूसरा स्थान हासिल कर जिले, हरियाणा और अपने गांव रायपुर का नाम रोशन किया।

आर्यन ने बताया कि वह कोच कुलदीप के मार्गदर्शन में रायपुर अखाड़े में अभ्यास करते हैं। यह उपलब्धि उन्होंने 8 साल की मेहनत के बाद हासिल की। इससे पहले 28 फरवरी को जींद में हुई स्टेट फेडरेशन कप प्रतियोगिता में उन्होंने झज्जर के आर्मी पहलवान को हराकर पहला स्थान प्राप्त किया था। इसके बाद 8 मार्च को फगवाड़ा में हुई सीनियर नेशनल फेडरेशन कप में हरियाणा की ओर से 92 किलो भार वर्ग में भाग लिया और सिल्वर मेडल जीता। गांव रायपुर में आर्यन गौतम के सम्मान में स्वागत किया गया। रायपुर ब्राह्मण समाज ने 7100 रुपये की सम्मान राशि व फूलमालाओं से आर्यन का स्वागत किया और मिठाइयां बांटी। परिवार में खुशी का माहौल है। पिता बलराज गौतम ने कहा कि 8 साल की मेहनत और चोटों के बावजूद आर्यन ने हार नहीं मानी और हरियाणा का नाम रोशन किया। कोच कुलदीप ने कहा कि आर्यन की मेहनत का ही नतीजा है कि उसने सिल्वर मेडल जीता।

इस मौके पर पूव सरपंच हरनारायण, रामकुवार गौतम, भैयाराम, राममेहर, संजय वशिष्ठ, नरेंद्र भारद्वाज उर्फ काला, रणबीर गौतम, राजू वशिष्ठ, श्रीपाल गौतम, प्रेम गौतम, विनोद गौतम आदि मौजूद रहे।



**सोनीपत।** आर्यन गौतम का स्वागत करते हुए परिजन।

### पहले और दूसरे नंबर की कुश्तियां रही बराबर



**खरखौदा।** शहीद पहलवान ताराचंद व परमवीर चक्र विजेता कर्नल होशियार सिंह की स्मृति में गांव सिसाना में कुश्ती दंगल आयोजित किया गया। पहले नंबर की 1लाख रुपए की कुश्ती रोहित समचाना व हितेंद्र के बीच बराबर रही। दूसरे नंबर की 51 हजार रुपए की कुश्ती भी विपिन खरखौदा व पवन गढ़ी सिसाना के बीच बराबर रही। तीसरे नंबर की 31हजार रुपए की कुश्ती अजय मेहर सिंह अखाड़ा रोहतक व सुनील जीरकपुर पंजाब के बीच हुई। जिसमें पहलवान सुनील ने अजय को परास्त कर कुश्ती जीती। इसके अलावा 71 हजार रुपए की तीन ,11 हजार रुपए की चार, 5100 रुपए की बाइस व 2100 रुपए की तीस कुश्तियां कराई गई। विजेता पहलवानों को नकद राशि देकर सम्मानित किया। आयोजन के कर्ताधर्ता एवं द्रोणाचार्य अवॉर्डी अनूप दहिया ने कोचों, पहलवानों व सहयोगियों का सफल आयोजन के लिए आभार जताया।

### तैराक नरेश कुमार ने जीता कांस्य पदक



**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में स्विमिंग अकादमी के तैराक नरेश कुमार ने आल इंडिया सिविल सर्विसेज में कांस्य पदक जीत कर अकादमी का सम्मान बढ़ाया। नरेश कुमार पहले भी अनेक पदक अपने नाम कर चुके है। 2021-22 में कांस्य पदक, 2022 -23 में कांस्य व रजत पदक, 2023-24 में रजत पदक जीता था। नरेश कुमार ब्राइट स्कॉलर स्कूल की स्विमिंग अकादमी में तैराकी सीखते है और लगातार अभ्यास करते है। अपनी जीत का श्रेय उन्होंने उनके कोच नीरज सांगवान और अपने परिवार को दिया।